2 फरीदाबाद
वंदे मातरम व भारत माता की जय के उद्घोष से साइक्लोथॉन का हुआ स्वागत

6 अभिमत
कामगारों का कौशल संवर्धन

9 देश-विदेश
भारत, इंडिया या हिंदुस्तान, सबका मतलब मोहब्बत है : राहुल गांधी

12 स्पोर्ट्स
ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए किया ऐलान

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 07 सितंबर, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

## अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया शिक्षक दिवस



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में प्राचार्य व समस्त प्राध्यापकों का स्वागत कर अभिनंदन किया गया। प्राचार्य ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों को शिक्षा दिवस पर शुभकामनाएं दीं और बताया कि विश्वविख्यात दार्शनिक के रूप में भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन मैनन के जन्मदिवस पर आप सबका अभिनंदन करता हूं और आशा करता हूं कि आप उन्हीं के पथ पर चलते हुए एक आदर्श शिक्षक सिद्ध होगा। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तरह ही चिंतन नमन करके उनके गुणों को अपने में ढालना चाहिए। उन्होंने आचार्य, गुरु और शिक्षक के महत्व को बताते हुए कहा कि बेमिसाल अध्यापक हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाशमान बनने को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को पुष्पांजलि अर्पित की।